तापमान
अधिकतम 42.4 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 31 मई 2026

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

12 ग्राम डौकीडीह में तीन दिवसीय लीला नाटक का भव्य...

12 सुशासन तिहार शिविर में गर्भवती माताओं ...





## खबर संक्षेप

### सब्जी व्यापारी से चाकू की नोक पर 25 हजार की लूट

बालोद। सब्जी व्यापारी से चाकू की नोक पर दिनदहाड़े 25 हजार की लूट हो गई। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने इसकी शिकायत पुलिस के पास की जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित प्रसिद्ध बुधवारी बाजार में सब्जी की खरीदी बिक्री करने के लिए ग्राम रेंघनी मालीघोरी निवासी डोमे"वर पटेल पहुंचा था तथा सब्जी खरीदी बिक्री के साथ अन्य कामो के लिए 25 हजार रूपये लेकर आया था। इसी दौरान युवक जब मंडी स्थित प्रसाधन कक्ष में गया तो अज्ञात लोगों ने चाकू की नोक पर युवक से 25 हजार की लूट को अंजाम दे दिया। वही इसके बाद युवक ने पुलिस को इसकी जानकारी दी जिसके बाद पुलिस ने कई संदिग्ध लोगो से पूछताछ कर रही है।

### तालाब में डूबने से 13 वर्षीय बालिका की मौत

बालोद/अर्जुन्दा। गर्मी के दिन में शाम को गांव के तालाब में शाम को नहाने गई बच्ची का तालाब में डूबने से मौत हो गया। मिली जानकारी के अनुसार अनुसार अर्जुन्दा ब्लाक के ग्राम डुडेरा निवासी मोनिका ठाकुर 13 वर्ष पिता घनश्याम ठाकुर शाम को गांव के तालाब में नहाने गई थी। इस दौरान वह नहाते नहाते गहरे पानी में चली गई। जिसके बाद जब तालाब में आए लोगो ने युवती का कपड़ा तालाब किनारे देखा लेकिन आस पास युवती को नही पाया तो इसकी जानकारी ग्रामीणो को दी तथा युवती की आस पास तलाश की गई लेकिन युवती का आस पास पता ना चलने पर ग्रामीणो ने युवती के तालाब में डूबने की आशंका से पुलिस को सूचना देने के बाद गोताखोर के माध्यम से तालाब में युवती को खोजा गया। जहां युवती का शव तालाब से प्राप्त किया गया। बताया जा रहा है कि मृतिका मोनिका कक्षा छठवीं में अध्ययनरत थी। उसकी एक छोटा भाई और एक बहन भी है। वही युवती के शव का पीएम करने के बाद शव को परिजनो को सौप दिया गया।

### सोसायटी ऋण को लेकर पिता-पुत्र में विवाद

**बालोद।** सोसायटी में कर्ज लेने की बात को लेकर पिता पुत्र में विवाद हो गया। जिसके बाद पिता ने पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम देवरी निवासी भारत लाल साहू ने पुलिस को बताया कि मैं अपनी पत्नी भारती साहू, भतीजी माही साहू के साथ घर पर था उसी समय मेरा बडा लडका थलेश साहू मुझे बोला सोसायटी से कितना कर्जा लिये हो पुछा तो मैं ऋण पुस्तिका देख लो बोलने पर मुझे गाली गलौज कर हाथ मुक्का एवं लात से मेरे गाल, कान, पीठ को मारपीट किया है। मारपीट करने से बांया हाथ अंगूठा, दोनों कान, पीठ में दर्द हो रहा है।

## सियासत : अरुण साव और गुरु खुशवंत ने कार्यकर्ताओं को दिए जीत के मंत्र

# पलारी नपां के चुनाव में प्रचार के अंतिम दिन पहुंचे उपमुख्यमंत्री साव, प्रत्याशी के लिए मांगा समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नगर पंचायत पलारी के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन जनता से भाजपा के पक्ष में समर्थन मांगने के लिए उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय एवं शहरी प्रशासन कैबिनेट मंत्री अरूण साव व कैबिनेट मंत्री गुरू खुशवंत साहेब पहुंचे।

जहां आज चुनाव प्रचार का अंतिम दिन था। जिसके बाद अब चुनाव प्रचार पूरी तरह थम जाएगा तथा 1 जून को नगर पंचायत पलारी में मतदान किया जाएगा। नगर पंचायत पलारी के प्रथम चुनाव में भाजपा ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। बूथ स्तर पर जहां कार्यकर्ताओ ने मोर्चा संभाला है वही प्रदेश के बड़े नेता भी भाजपा प्रत्याशी लखन लाल गुरूपंच के प्रचार के लिए पलारी पहुंच रहे है। इस दौरान भाजपा के प्रत्याशी के लिए समर्थन मांगने पहुंचे अरूण साव ने कहा कि पलारी को नगर पंचायत का दर्जा भाजपा ने दिया। इस दौरान उन्होने कहा कि नगर पंचायत पलारी में भाजपा की सरकार बनते ही वे सीधे शपथ ग्रहण में आएंगे तथा जब वे पलारी आएंगे तो अपने साथ विकासो की सौगात लेकर आएंगे। अरूण साव एवं गुरू खुशवंत ने कार्यकर्ताओ से चर्चा की एवं विभिन्न प्रमुखो से भेट मुलाकात कर दिशा निर्देश दिए। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व नेता पलारी में उपस्थित थे।

### भाजपा प्रत्याशी खिलेश्वरी साहू के समर्थन में जनसंपर्क अभियान तेज





**गुरूर।** नगर पंचायत पलारी निकाय चुनाव के तहत चुनाव वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद प्रत्याशी खिलेश्वरी साहू के समर्थन में जनसंपर्क अभियान किया गया। भारतीय जनता पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा घर–घर पहुंचकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई साथ ही राज्य सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं के जानकारी दी गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत गुरुर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने कहां की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर वर्ग के लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत पलारी में भाजपा की जीत विकास और जन सेवा को नई दिशा देगी। इस अवसर पर आमदी नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू, ममता गौतम, जनपद सदस्य चांदनी देवांगन, मिथलेश साहू, झालेन्द्र सिन्हा एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

# कुसुमकसा समिति के खाद गोदाम में चोरी, 68 बोरी डीएपी खाद ले उड़े चोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुसुमकसा के ग्राम चिपरा स्थित खाद-बीज गोदाम में अज्ञात चोरों ने शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए 68 बोरी डीएपी खाद पार कर दी। चोरी गई खाद की कीमत करीब 98 हजार 600 रुपये बताई जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार खरीफ सीजन के लिए किसानों के वितरण हेतु गोदाम में 700 बोरी डीएपी, 700 बोरी यूरिया, 800 बोरी एनपीके तथा 700 बोरी सुपर फास्फेट खाद का भंडारण किया गया था। अज्ञात चोरों ने नवरत्न कंपनी की 18:40 ग्रेड वाली 68 बोरी डीएपी खाद चोरी कर ली। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने खाद गोदाम का चैनल गेट खुला देखा, जिसके बाद इसकी सूचना समिति प्रबंधन और सरपंच को दी गई। खाद चोरी की खबर गांव में आग की तरह फैल गई ▶▶|शेष पेज 12 पर

### पुलिस और डॉग स्क्वायड ने की जांच

घटना की जानकारी मिलते ही डौंडी लोहारा थाना प्रभारी सुनील तिर्की पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और गोदाम का निरीक्षण किया। पुलिस ने ग्रामीणों से पूछताछ कर आसपास के ग्राम चिपरा और किल्लेकोड़ा में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की। डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर पहुंची, लेकिन देर शाम तक चोरों के संबंध में कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया।

# मकान बेचने के मुद्दे पर भिड़े परिजन पुलिस ने दो पक्षों पर दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

घरेलू विवाद के कारण पिता पुत्र में विवाद हो गया जिसके बाद दोनो ही पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

■ मकान बिक्री को लेकर पिता–पुत्र में विवाद

वार्ड क्रमांक 26 मेन रोड राजहरा निवासी यदुनंदन सिंह ने पुलिस को बताया कि मेरा तीन लडका है जिसमें से तीनो अपने अपने परिवार सहित अलग अलग कमरे मे रहकर जीवन यापन करते आ रहे हैं और मैं धर्मराज, जयप्रकाश के साथ रहता हूं, और दूसरे नंबर का लडका मनोज प्रतापसिंह जो आये दिन शराब पीकर घर मे आकर मुझे तथा मेरे बडे लडका धर्मराज व बहुओं को गाली गलौज करते आ रहा है जिसकी मैं पूर्व मे भी शिकायत कर चूका हूं फिर भी मेरा लडका मनोज प्रताप मे कोई सुधार नहीं आया है तथा 3–4 माह पूर्व अपनी पत्नी के साथ भी शराब पीकर मारपीट किया है। आये दिन मनोज प्रताप द्वारा परिवार मे गाली गलौज मारपीट करने से तंग आकर मेरे नाम की मकान को बिक्री करना चाह रहा हूं, किन्तु मनोज प्रताप बिक्री करने नहीं दे रहा है बडे लडका के यहां से खाना खाने के बाद आंगन से होते हुए अपने कमरा की ओर जा रहा था। उसी समय मनोज प्रताप काफी शराब के नशे मे मुझे देखकर तुम घर को कैसे बिक्री करोगे कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा था मैं उनकी बातों को नजर अंदाज कर अपने कमरा अंदर चला गया और दूसरे दिन उठकर मनोज प्रताप द्वारा मुझे तथा मेरे लडको का काफी गाली गलौज कर रहा था और मैं सुबह नास्ता करने के बाद बरामदा में बैठा था उसी समय मनोज प्रताप शराब के नशे मे मुझे गाली गलौज करते हुए डंडा लेकर आया और जान से मारने की धमकी देते हुए डंडा से मारपीट किया है मारपीट होते देख मेरा बडा लडका धर्मराज सिंह बीच बचाव कर छुडाने आया तो उसे भी गाली गलौज कर डंडा से मारपीट किया है जिससे धर्मराज के दाहिने हाथ की कलाई एवं मेरे बाये हाथ की कलाई, कोहनी मे चोंट आया है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वार्ड क्रमांक 26 मेन रोड दल्लीराजहरा निवासी मनोज प्रताप सिंह ने पुलिस को बताया कि हम लोग तीन भाई हैं सभी एक ही जगह रहकर अलग अलग कमरा मे अपने परिवार के साथ निवास, खान पान करते हैं, जिस मकान में हम तीनो भाई परिवार सहित निवास करते हैं उक्त मकान को मेरा बडा भाई धर्मराज सिंह द्वारा बिक्री करना चाहते हैं। अपने परिवार सहित सोया था कि रात्रि मेरा बडा भाई धर्मराज सिंह मेरे कमरा मे लगे दरवाजा को लात से मारते हुए मुझे तुम कौन होते हो मकान बिक्री करने से रोकवाने वाले गाली गलौज कर बाहर निकलो तुझे जान से मार दूंगा कहकर धमकी दे रहा था फिर में रात्रि होने से दरवाजा नहीं खोला और सुबह मेरे बडे भाई धर्मराज सिंह एवं उसकी पत्नी अन्नू सिंह दोनो एक राय होकर पुनः गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए मेरे दाहिने हाथ की अंगुठा एवं बाये हाथ की कलाई एवं पीठ मे दांत से कांटने के कारण चोंट आया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर दो लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# खाद वितरण में गड़बड़ी पर सख्ती, 8 केंद्र प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



भारत सरकार एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार कृषकों को गुणवत्तायुक्त एवं पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। कृषि विभाग के उप संचालक आशीष चन्द्राकर ने बताया कि जिले के सहकारी समितियों में गतवर्ष पूर्ति के 80 प्रतिशत यूरिया एवं 60 प्रतिशत डी.ए.पी. का भण्डारण कराया जा रहा है।

जिले को प्राप्त लक्ष्य (46300 मीट्रिक टन सहकारी क्षेत्र में) के विरूध्द अब तक सहकारी समितियों में करने हेतु 33580 मीट्रिक टन (72.50 प्रतिशत) उर्वरकों का भण्डारण किया जा चुका है। सहकारी समितियों से अबतक 20259 मीट्रिक टन उर्वरकों का उठाव किया जा चुका है एवं 13300 मीट्रिक टन सहकारी समितियों में शेष है। जिले के प्रत्येक कृषक को उवरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कृषक के रकबा के के आधार पर वैज्ञानिक अनुशंसा अनुसार उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। यूरिया एवं डीएपी के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक उर्वरक के रूप में एस.एस.पी., एन.पी.के, का उपयोग कर कृषक पोषक तत्वों की पूर्ति कर रहे है।

उर्वरकों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये उर्वरक निरीक्षको द्वारा लगातार जिले में संचालित उर्वरक विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। खरीफ वर्ष 2026 में 01 अप्रैल 2026 से अब तक 95 उर्वरक विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया गया है एवं अनियमितता पाये जाने पर 36 विक्रय केन्द्रों को कारण बताओ नोटिस, 08 विक्रय केन्द्रों को विक्रय प्रतिबंध एवं 01 विक्रय केन्द्र का लायसेन्स निलंबन की कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि कृषकों को निर्धारित दर पर गुणवत्तायुक्त उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निरीक्षण लगातार चलता रहेगा एवं उर्वरक विक्रय केन्द्रों में उर्वरकों के भण्डारण एवं वितरण में किसी भी प्रकार से अनियमितता पाये जाने पर संबंधित उर्वरक विक्रेता के विरूध्द उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के प्रावधानों के तहत कठोर एवं दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## भीषण गर्मी में जीव-जंतुओं के लिए संजीवनी बनी तांदुला नदी

# तांदुला नदी में छोड़ा गया पानी, पशु-पक्षियों और मवेशियों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




भीषण गर्मी के बीच पशु–पक्षियों एवं मवेशियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। ग्राम पंचायत ओरमा की सरपंच मंजू लता साहू द्वारा तांदुला नदी में पानी छोड़े जाने की मांग पर जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नदी में पानी प्रवाहित कराया है।

सरपंच मंजू लता साहू ने बताया कि क्षेत्र में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण पशु–पक्षियों और मवेशियों को पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को देखते हुए उन्होंने बालोद कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से तांदुला नदी में पानी छोड़े जाने की मांग की थी।

जिला प्रशासन द्वारा मांग को गंभीरता से लेते हुए तांदुला नदी में पानी छोड़ा गया, जिससे क्षेत्र के पशु–पक्षियों, मवेशियों एवं वन्य जीवों को बड़ी राहत मिलेगी। नदी में पानी पहुंचने पर सरपंच मंजू लता साहू ने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में प्रशासन की यह पहल अत्यंत सराहनीय है। इससे न केवल मवेशियों को पानी उपलब्ध होगा, बल्कि वन्य जीवों एवं पक्षियों को भी राहत मिलेगी।



**खबर संक्षेप**

### शिशिरकांत बनाए गए ओबीसी कांग्रेस शहर अध्यक्ष



दुर्ग। पूर्व महापौर और वर्तमान में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल की अनुशंसा पर ओबीसी कांग्रेस का शहर अध्यक्ष शिशिरकांत कसार को बनाया गया है। वे लंबे समय से कांग्रेस में सक्रिय है। युवा चेहरा होने के साथ उन्होंने संगठन की मजबूती के लिए लगातार काम किया। इसके आधार पर उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने अपनी नियुक्ति के बाद विशेष रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, जिलाध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, राजेश यादव, दीपक दुबे का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर जो विश्वास जताया है, उस कसौटी पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा युवाओं और पिछड़ों की आवाज बनकर संगठन को मजबूत करने की दिशा की ओर काम करता रहूंगा। वर्तमान वे पश्चिम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में प्रवक्ता के पद पर कार्य कर रहे हैं। इससे पहले वे महात्मा गांधी हायर सेकंडरी स्कूल में शालाध्यक्ष, छात्र संगठन में सचिव, युवा कांग्रेस में महासचिव, किसान कांग्रेस में जिला सचिव, जिला कांग्रेस में सचिव सहित अन्य पदों पर रह चुके हैं।

### छात्रों को सर्टीफिकेट वितरित

दुर्ग। एसआर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर चिखली द्वारा मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना पाठ्यक्रम के वर्ष 2025–26 बैच के जनरल ड्यूटी असिस्टेंट कोर्स के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. केके जैन वरिष्ठ चिकित्सक जनरल फिजीशियन और विशेष अतिथि न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई के अध्यक्ष अनिल गुप्ता थे। संस्था के चेयरमेन संजय तिवारी ने विद्यार्थिओं को बधाई दी। डॉ केके जैन ने कहा कि कौशल विकास योजना आधारित प्रशिक्षण आज के समय की मांग है। कार्यक्रम में अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर जेएन पाण्डेय,अरविन्द खैरवार, विनीता आंचला, नेहा ठाकुर, फनीस साहू आदि मौजूद थे।

# मर चुकी मानवीय संवेदना... खुले में रखे जा रहे शव, उठती बदबू से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

सरकारी महकमें में विशेष रूप से हेल्थ विभाग में मानवीय संवेदना लगभग मर चुकी है। अस्पताल में मृत मरीजों को मरच्यूरी में तो रखा जा रहा है, लेकिन एक फ्रीजर कैबिनेट पिछले करीब 5 महीनों से खराब है। इस वजह से शव को खुले में रख दिया जा रहा है। इससे आसपास बदबू उठ रही है। मरच्यूरी के आसपास खड़ा होना मुश्किल हो गया है। इसकी जानकारी के बाद शुक्रवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के बैनरतले कार्यकर्ता सिविल सर्जन डॉ. आशीषयन मिंज से मिलने पहुंचे। उन्होंने मामले की शिकायत की। साथ ही 15 दिन के भीतर समस्या का निराकरण करने अल्टीमेटम जारी किया। अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। जिला अस्पताल मरच्यूरी फ्रीजर कैबिनेट हैं, जिसमें एक कैबिनेट में 4 शव रखे जाते हैं। दोनों में 4-4 यानी कुल 8 शव रखने के इंतजाम हैं। पिछले 5 महीने से 1 फ्रीजर कैबिनेट खराब है। खास बात यह है कि इसके सुधार को लेकर लगातार शिकायत भी की जा रही है, लेकिन समस्या का निराकरण अब तक नहीं किया गया है। 4 महीने पहले जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने भी शिकायत की थी।

## जिला अस्पताल दुर्ग की मरच्यूरी में भारी अव्यवस्था, नहीं हो रही नियमित मॉनिटरिंग

### मृत शरीर मर्च्यूरी में खुले में पड़े, अंतिम संस्कार का इंतजार

जानकारी के मुताबिक कई शव गर्मी में फ्रीजर के बाहर पड़े हुए हैं। उनमें लगातार गर्मी के कारण दुर्गंध तक आ रही है। खास बात है कि पोस्टमार्टम और अन्य कारणों से उनका अंतिम संस्कार तक नहीं हो पा रहा है। सिविल सर्जन डॉ. आशीषयन मिंज ने बताया कि रेडक्रॉस के माध्यम से मरच्यूरी का संचालन किया जा रहा है। फ्रीजर को जल्द ही सुधारा जाएगा। ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े।



### फ्रीजर के एवज में लिया जा रहा 300 रुपए का शुल्क

धीरज बाकलीवाल ने बताया कि फ्रीजर में शव रखने के एवज में 300 रुपए का शुल्क लिया जा रहा है। प्रबंधन द्वारा रेड क्रॉस पर जिम्मेदारी डाली जा रही है। बदबू इतनी है कि परिजन भी अंदर नहीं जा पा रहे हैं। 15 दिन के भीतर समस्या का निराकरण नहीं हुआ, तो प्रदर्शन होगा। इस अवसर पर दुष्यंत देवांगन, निगम के प्रतिपक्ष नेता संजय कोहले, राय सिंह ढिकोला, प्रवक्ता नासिर खोखर, अनूप वर्मा, अजय शर्मा, सुशील भारद्वाज, सुनीत घोष, आयुष शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## महापौर ने कलेक्टर और एसएसपी के साथ मौके का किया निरीक्षण

# शहर के दो प्रमुख नालों का पानी साफ करने बनेंगे 77 एमएलडी के एसटीपी

## सीएम कल करेंगे 259 करोड़ के कामों का लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

जेआरडी स्कूल मैदान में 31 मई को सुबह 11 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आगमन होगा। वे शहर में होने वाले 259 करोड़ के 191 कामों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। इसे लेकर महापौर अलका बाघमार एवं कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। महापौर ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, विद्युत, मंच निर्माण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भूमिपूजन के लिए प्रस्तावित प्रमुख कार्यों में 77 एमएलडी एसटीपी निर्माण, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी अंतर्गत कम्पोस्ट प्लांट निर्माण एवं मशीनरी स्थापना कार्य, इंदिरा मार्केट मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण, नालंदा परिसर निर्माण, शहर के विभिन्न वार्डों में सीसी एवं आरसीसी नाली, पुलिया, सीसी सड़क एवं डामरीकरण कार्य शामिल हैं। इसके अलावा विभिन्न प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण एवं उन्नयन, केनाल रोड निर्माण, सिकोला नाला निर्माण, जलागार निर्माण एवं पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य भी प्रस्तावित हैं। लोकार्पण हेतु राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत मॉडल स्ट्रीट फूड हब, विभिन्न वार्डों में पेवर ब्लॉक एवं डामरीकरण कार्य, मेनोनाईट चौक से चौपाटी तक मार्ग चौड़ीकरण एवं उन्नयन तथा गंजपारा चौक से शिवनाथ नदी तक मार्ग उन्नयन कार्य शामिल हैं। कार्यक्रम में कुल 25 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 166 विकास कार्यों का भूमिपूजन प्रस्तावित है। लोकार्पण कार्यों की कुल लागत राशि 1132.75 लाख रुपये तथा भूमिपूजन कार्यों की कुल लागत राशि 24801.99 लाख रुपये है। कुल 191 विकास कार्य लगभग 25934.74 लाख रुपये की लागत से शहर विकास को नई दिशा देंगे। इस दौरान आयुक्त सुमित अग्रवाल, एडीएम हरिवंश मिरी, सभापति श्याम शर्मा आदि मौजूद थे।




### हमने बनाया है हम ही संवारेंगे : अरुण सिंह



पूर्व पार्षद अरुण सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आगमन दुर्ग में हो रहा है। शहर लगातार विकास की राह पर है। हमने बनाया है हम ही संवारेंगे। भारतीय जनता पार्टी सरकार ने जब-जब जो कहा है उसे पूर्ण करके दिखाया है। इसी कड़ी में दुर्ग विधानसभा के नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न कार्यों के भूमिपूजन, लोकार्पण के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का आगमन हो रहा है। दुर्ग शहर के विकास के लिए पूर्व के साथ सांसद, विधायक एवं महापौर ने पूरी ईमानदारी के साथ प्रयास किया। इसी कार्य को आगे बढ़ाते हुए वर्तमान के विधायक, सांसद और महापौर लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री सहित प्रभारी मंत्री का दुर्ग विकास के लिए सहयोग अतुलनीय है।

### सड़क, पेयजल और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के निर्देश



दुर्ग। मंत्री गजेन्द्र यादव शुक्रवार को वार्ड 48 और क्षेत्र का भ्रमण करने के बाद स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर समस्याओं, आवश्यकताओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान वार्ड पार्षद लोकेश्वरी ठाकुर और नागरिकों के साथ क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। वार्ड भ्रमण के दौरान सड़क निर्माण, पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन विस्तार, पॉवर पंप स्थापना, नाली निर्माण, साफ-सफाई तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित विषयों पर नागरिकों ने अपनी समस्याएं और मांगें रखीं। मौके पर उपस्थित संबंधित विभाग के इंजीनियरों और अधिकारियों को जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण करने कहा गया। मंत्री गजेन्द्र यादव ने निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, सड़कों के मरम्मत और बारिश पूर्व सभी नालियों की सफाई कार्य में तेजी लाने तथा आवश्यक स्थानों पर अतिरिक्त सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष चर्चा की।

# सुशासन तिहार के अंतिम शिविर में उमड़ी भीड़

## विधायक-मेयर ने सुनी जनता की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र में आयोजित सुशासन तिहार अभियान का अंतिम शिविर शुक्रवार को सोमनी सामुदायिक भवन में संपन्न हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर अपनी मांगों और समस्याओं से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में 200 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

- **200 से ज्यादा आवेदन पहुंचे, सोमनी सामुदायिक भवन में लगा शिविर**

निगम क्षेत्र में कुल चार सुशासन शिविर आयोजित किए गए। अभियान का पहला शिविर 5 मई को उमदा वार्ड 6 स्थित सामुदायिक भवन में लगाया गया था। दूसरा शिविर 11 मई को मंगल भवन भिलाई-3 में आयोजित हुआ। इसके बाद वार्ड 18 से 29 तक के लिए सामुदायिक भवन चरोदा में तीसरा शिविर लगाया गया। वहीं अंतिम चरण में निगम क्षेत्र के अंतिम 10 वार्डों के लिए सोमनी में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अहिवारा विधायक राजमंहत डोमनलाल कोर्सेवाड़ा भी पहुंचे। महापौर निर्मल कोसरे ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

### पद्मश्री सम्मानित उषा बारले ने दी प्रस्तुति

शिविर में छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक गायिका और पद्मश्री सम्मानित उषा बारले की मौजूदगी भी आकर्षण का केंद्र रही। उन्होंने अपने लोकगीतों से उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में निगम आयुक्त डीएस राजपूत, कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष रामखिलावन वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता राधेश्याम वर्मा, वार्ड पार्षद तुषांत वर्मा सहित निगम के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने शिविर में पहुंचने वाले नागरिकों की समस्याएं सुनकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराई।

# सरकारी अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी मुफ्त, निजी संस्थाएं ले रहीं 1200 से दो हजार

## अस्पतालों में संसाधन मौजूद होने के बाद भी नहीं मिल रही सुविधा


भिलाई। दुर्ग के सरकारी अस्पतालों में सोनोग्राफी मशीनें होने के बावजूद आम मरीजों को नियमित सुविधा नहीं मिल पा रही है। गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी भी महीने में 9 और 24 तारीख को की जाती है, जबकि अन्य मरीजों को मजबूरी में निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों का सहारा लेना पड़ रहा है। सिविल अस्पताल सुपेला और जिला अस्पताल दुर्ग जैसे प्रमुख अस्पतालों में भी यही व्यवस्था लागू है। अस्पतालों में मशीन और संसाधन मौजूद होने के बावजूद गर्भवती महिलाओं के अलावा दूसरे मरीजों की जांच नहीं होती।

- **निजी संस्थानों में जांच कराने की दी जाती है सलाह**




जानकारी के मुताबिक सरकारी अस्पताल में केवल विशेष परिस्थितियों में ही अन्य मरीजों की सोनोग्राफी की जाती है। सामान्य मरीजों को निजी सेंटरों में जाकर महंगी जांच करवानी पड़ती है। निजी संस्थानों में सोनोग्राफी के नाम पर 1200 रुपए से लेकर 2000 रुपए तक वसूले जा रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह खर्च भारी साबित हो रहा है।

कई मरीज पेट दर्द, लीवर, किडनी, गॉलब्लैडर और अन्य बीमारियों की जांच के लिए अस्पताल पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें बाहर से जांच कराने की सलाह दे दी जाती है। इससे इलाज में देरी होने के साथ अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है। लोगों का कहना है कि सरकार आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात अलग दिखाई देते हैं। लोगों ने मांग की है कि गर्भवती महिलाओं के अलावा अन्य मरीजों के लिए भी सरकारी अस्पतालों में नियमित सोनोग्राफी सुविधा शुरू की जाए ताकि गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत मिल सके।



### लॉटरी से 10 हितग्राहियों को मिला अपना घर

दुर्ग। नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निर्मित आवासों का आवंटन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से लगातार किया जा रहा है। नगर निगम क्षेत्र के सरस्वती नगर, मां कर्मा बोरसी एवं गोकुल नगर में एएचपी घटक के तहत निर्मित आकर्षक एवं किफायती आवास शहरवासियों के लिए बेहतर आवासीय विकल्प बनकर उभर रहे हैं, जिसके चलते हितग्राहियों द्वारा लगातार आवेदन किए जा रहे हैं। निगम प्रशासन द्वारा प्रत्येक माह प्राप्त आवेदनों के आधार पर लॉटरी के माध्यम से निष्पक्ष तरीके से आवासों का आवंटन किया जा रहा है। इसी क्रम में गोकुल नगर में 1, सरस्वती नगर में 5 एवं मां कर्मा बोरसी में 4 आवासों हेतु कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया गया। महापौर निगम प्रशासन ने जानकारी दी कि सम्पूर्ण राशि जमा करने के पश्चात हितग्राहियों को आधिपत्य पत्र प्रदान किया जाएगा।

# एमआरपी पर सीमा तय करने कानून बनाने की मांग, प्रदर्शन 12 जून को

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, दुर्ग महानगर एवं भिलाई महानगर के संयुक्त तत्वावधान में ग्राहक हित एवं उनके अधिकारों को लेकर एमआरपी विषय पर सीमा निर्धारित करने हेतु प्रभावी नीति निर्धारण एवं कानून बनाने बनाए जाने की मांग की गई। सदस्यों ने बताया कि देशभर के विभिन्न जिलों में कलेक्टर, विधायक, सांसदों एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजे जा रहे हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालय वाणिज्य एवं उद्योग, वित्त तथा उपभोक्ता संरक्षण मामले विभाग के माध्यम से ऐसा कानून बनाया जाए जिसमें एमआरपी व्यवस्था उपभोक्ताओं के लिए अधिक पारदर्शी, लाभकारी एवं प्रभावी बन सके। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत 53 वर्षों से उपभोक्ता जागरूकता, उपभोक्ता शिक्षण एवं उपभोक्ता मुद्दों पर मार्गदर्शन के क्षेत्र में कार्यरत है। संगठन की ओर से देश भर में लगभग 35000 से अधिक सदस्य सक्रिय है। आगामी 12 जून को नई दिल्ली स्थित जंतर मंतर में विशाल सभा, महारैली उपरोक्त विषय को लेकर आयोजित है, जिसमें देशभर के संगठन के कार्यकर्ता, दायित्वधारी एवं उपभोक्ता शामिल होंगे। इस अवसर पर प्रांत सचिव देवेंद्र कौशिक, देवाशीष घोष, गोपीचंद साहू, संजय डहरवाल, अशोक कुमार माहोर, कृष्ण देशमुख, धर्मेंद्र धामू, डॉ. झमनेश देशमुख, कंचन शुक्ला, चंद्रशेखर साहू, दिलीप इंगले, अभय तिवारी, महेंद्र देशमुख, धीरेंद्र बघेल, शिवराज चंदेल आदि उपस्थित थे।

- **अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने एमआरपी नीति निर्धारण को लेकर केंद्र सरकार के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा**



## 45 डिग्री के पार तापमान, हीट स्ट्रोक से बिगड़ रही तबीयत

# नौतपा की तपिश बनी जानलेवा, लू की चपेट में लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

नौतपा शुरू होते ही भीषण गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। आसमान से बरस रही आग और लगातार बढ़ते तापमान के कारण अब लोग लू यानी हीट स्ट्रोक की चपेट में आने लगे हैं। जिले के अस्पतालों में रोजाना दो से तीन मरीज लू की शिकायत लेकर भर्ती हो रहे हैं। डॉक्टरों के मुताबिक समय पर इलाज मिलने से मरीजों की हालत में सुधार हो रहा है, लेकिन आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

- **सरकारी अस्पतालों में रोज बड़ी संख्या में पहुंच रहे मरीज**

इन दिनों दोपहर के समय सड़कें सुनसान नजर आने लगी हैं। तेज धूप और गर्म हवाओं ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। सबसे ज्यादा परेशानी मजदूरों, बुजुर्गों, बच्चों और बाहर काम करने वाले लोगों को हो रही है। जिला अस्पताल दुर्ग और सिविल अस्पताल अस्पताल में उल्टी, चक्कर, तेज बुखार, सिरदर्द, शरीर में कमजोरी और बेहोशी जैसी शिकायतों के साथ मरीज पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि ये लू के शुरुआती लक्षण हैं, जिन्हें नजरअंदाज करना खतरनाक साबित हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, जब शरीर का तापमान तेजी से बढ़ता है और शरीर खुद को ठंडा नहीं रख पाता, तब हीट स्ट्रोक की स्थिति बनती है। कई मामलों में मरीजों को तेज बुखार के साथ डिहाइड्रेशन और लो ब्लड प्रेशर की समस्या भी हो रही है।



### मरीजों को ऑब्जर्वेशन में रखा जा रहा

अस्पताल में भर्ती मरीजों को लगातार ऑब्जर्वेशन में रखा जा रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक ज्यादातर मरीज दो से तीन दिन इलाज के बाद ठीक होकर घर लौट रहे हैं, लेकिन गंभीर स्थिति में लू जानलेवा भी साबित हो सकती है। डॉक्टरों ने लोगों को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है। जरूरी काम होने पर सिर ढंककर निकलने, हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने और लगातार पानी पीते रहने की अपील की गई है।

### शरीर में पानी की कमी लू का सबसे बड़ा कारण

विशेषज्ञों का कहना है कि शरीर में पानी की कमी लू का सबसे बड़ा कारण बनती है। ऐसे में ओआरएस, नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी और मौसमी फलों का सेवन बेहद जरूरी है। वहीं बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है। प्रशासन की ओर से भी लोगों को सतर्क रहने की अपील की जा रही है। कई जगहों पर प्याऊ और ठंडे पानी की व्यवस्था शुरू की गई है, ताकि राहगीरों को राहत मिल सके। आने वाले कुछ दिनों तक तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है।

### जिला अस्पताल में है विशेष इंतजाम

लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला प्रभारी डॉ. पीयाम सिंह ने बताया कि नौतपा की भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए सिविल अस्पताल सुपेला में लू के मरीजों के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। लू से प्रभावित मरीजों के इलाज के लिए अलग से वार्ड तैयार किया है, जहां मरीजों को निगरानी में रखकर उपचार किया जा रहा है। मरीजों को सामान्य वार्ड से अलग रखकर विशेष देखभाल दी जा रही है। मरीजों का कम से कम तीन दिन तक इलाज किया जाता है और पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी दी जा रही है। इसके साथ ही ओआरएस घोल से भरा पानी का जार भी रखा गया है।

## पुरई में नाम और जाति में त्रुटि, राजस्व न्यायालय से त्रुटि सुधार का दिया आदेश

दुर्ग। सरकारी दस्तावेज में त्रुटि का खामियाजा पुरई का पीड़ित परिवार भुगत रहा था। इसे लेकर राजस्व न्यायालय में परिवाद दायर किया गया। इसके बाद दस्तावेजी परीक्षण के बाद नाम में सुधार के निर्देश राजस्व न्यायालय से जारी हुए हैं। प्रकरण के मुताबिक पुरई के खसरा नंबर 1023/1 और 1020 रकबा क्रमशः 1.07 और 0.13 हेक्टेयर जमीन नाम में त्रुटि थी। इसकी वजह से जमीनी दस्तावेजों के आधार पर खरीदी-बिक्री और अन्य में पीड़ित परिवार को दिक्कतें सामने आ रही है। राजस्व विभाग की लापरवाही के कारण यह दिक्कतें सामने आई। पीड़ित परिवार ने दो साल पहले परिवाद दायर किया। केस के विचारण के बाद कोर्ट ने आवेदककर्ताओं के पक्ष में आदेश पारित करते हुए त्रुटि सुधार के लिए निर्देश जारी किया। इसमें नीरू बाई उर्फ यामिनी धीवर पिता सुरेश कुमार, नरेश पिता गैंदलाल, जुगल पिता गैंदलाल, तीजन पिता गैंदलाल, रमेश पिता गैंदलाल, रूपा पिता गैंदलाल, विक्की उर्फ खेमलाल धीवर पिता गणेशराम ढीमर, अंजना पिता स्व. गणेशराम ढीमर, सुमन पिता गणेश राम ढीमर, पप्पू उर्फ दुर्गा प्रसाद पिता गणेश राम ढीमर दर्ज करने का आदेश पारित किया।



- **लंबे समय से राजस्व विभाग के चक्कर काट रहा पीड़ित परिवार**

## खबर संक्षेप

### आम चुनाव कल

**अंडा।** ग्राम अंडा में धीवर समाज अंडा परगना का वार्षिक आम चुनाव 1 जून सोमवार को सुबह 10:00 बजे आयोजित है। इस संबंध में समाज के पदाधिकारियों ने सभी स्वजातीय भाई-बहनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है। समाज के वरिष्ठजनों ने बताया कि यह वार्षिक चुनाव समाज की एकता, संगठन एवं सामाजिक गतिविधियों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। चुनाव के दौरान समाज के विभिन्न पदों के लिए चयन एवं आगामी सामाजिक कार्यों को लेकर चर्चा भी की जाएगी। यह जानकारी संजू धीवर ने दी।

### एमवीटीसी में सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के दल्ली राजहरा स्थित माइंस वेस्टिब्यूल ट्रेनिंग सेंटर मे एक्सकेवेशन कार्यों से संबंधित सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग (एसईडी) द्वारा उत्खनन, सिविल कार्य एवं जलापूर्ति विभाग से जुड़े सुपरवाइजर्स, अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को एक्सकेवेशन प्लानिंग, एक्सकेवेशन परमिट प्रणाली, निरीक्षण चेकलिस्ट तथा सुरक्षा दिशा-निर्देशों से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। महाप्रबंधक बीएन झा और सहायक महाप्रबंधक अनुराग पाठक ने उत्खनन कार्यों के दौरान सुरक्षा उपायों, परिचालन सावधानियों एवं दुर्घटना रोकथाम संबंधी बिंदुओं जानकारी दी।

### केंद्र की योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाने का संकल्प



**भिलाई।** भाजपा रिसाली मंडल के अंतर्गत शक्ति केंद्र क्रमांक 1 तालपुरी रुआबांधा में आत्मनिर्भर शक्ति केंद्र की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन पार्षद सविता ढवस के निवास स्थान पर किया गया। यह बैठक प्रदेश भाजपा, जिला भाजपा एवं रिसाली मंडल के प्रभारी शिवेंद्र परिहार के निर्देशानुसार आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में रिसाली मंडल प्रभारी शिवेंद्र परिहार, मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू तथा महामंत्री दशरथ साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पार्षद एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य सविता ढवस ने किया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, बूथ सशक्तीकरण तथा केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महामंत्री गुड्डू झा, शक्ति केंद्र संयोजक जग्गू यादव, सहसंयोजक नरेंद्र त्रिपाठी, महिला मोर्चा अध्यक्ष शकुंतला दास सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सुशासन तिहार में मिले आवेदन का तय समय-सीमा में करें निराकरण

## गर्भवती महिलाओं को सुपोषण टोकरी, आवास हितग्राही को चाबी, जॉब कार्ड और दिव्यांगजनों को ट्राइसिकल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



सुशासन तिहार के तहत ग्राम थनौद में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को सामग्री और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से गर्भवती महिलाओं को सुपोषण टोकरी दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के हितग्राही को आवास की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई। वहीं मनरेगा के तहत ग्रामीण परिवारों को जॉब कार्ड वितरित किए गए। समाज कल्याण विभाग की ओर से दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राइसिकल प्रदान की गई। हितग्राहियों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीन पर उतार रही है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना, रामलला दर्शन, मुख्यमंत्री तीर्थ योजना, तेंदूपत्ता बोनस और प्रधानमंत्री आवास जैसी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। विधायक चंद्राकर ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त प्रत्येक आवेदन का तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारी-कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि गर्भवती माताओं को सुपोषण टोकरी देकर स्वस्थ छत्तीसगढ़ की नींव रखी जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों का पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है। वहीं जॉब कार्ड से ग्रामीणों को गांव में रोजगार मिलेगा और दिव्यांगजनों को ट्राइसिकल मिलने से उनका जीवन आसान होगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति प्रिया साहू, दुर्ग जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, लिकेश्वर देशमुख, ग्राम सरपंच मेनका देशमुख, जनपद सदस्य संगीता साहू, नंदकुमार साहू आदि उपस्थित थे।

## किसानों का आरोप : चारे के लिए धोखे से ली गई सहमति

# मवेशियों का पैरा गटक रहा बायोगैस प्लांट भूखे भटक रहे किसानों के पालतू मूक प्राणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

**ग्रामीणों और पशुपालकों की बढ़ी चिंता**



पाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जामगांव एम स्थित बायोगैस प्लांट में किसानों के पैरा का बड़े पैमाने पर उपयोग किए जाने से क्षेत्र में मवेशियों के लिए चारे का संकट गहराने लगा है। खेत-खलिहानों से पैरा हट जाने के कारण अब मवेशियों को भोजन की तलाश में इधर-उधर भटकना पड़ रहा है, जिससे ग्रामीणों और पशुपालकों की चिंता बढ़ गई है।

पहले पैरा खेत खलिहान में ही पड़ा रहता था और गर्मी के मौसम में जानवर उसे अपना भोजन बनाते थे लेकिन किसानों के खेतो से सभी पैरा कम्पनी द्वारा बंडल बनाकर अपने प्लांट में ले जाने से खेत खलिहान में पैरा ही नहीं बचा है और जानवरों के लिए भोजन का संकट गहरा गया है। खरीफ व रबी फसल का पैरा किसानों के खेत को शीघ्र खाली करने व अन्य फसल उत्पादन करने की बात कहकर मशीन से पैरा को बड़े बड़े बंडल बनाकर अपने प्लांट तक ले जा रहे है इससे जानवरो के लिए चारे का संकट उत्पन्न हो गया है।

कुछ समय पहले भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा यह मामला उठाया गया था कि स्थानीय बायोगैस प्लांट के लिए किसानों के खेतों से बिना अनुमति एवं बिना भुगतान के पैरा का गट्ठा बनाकर परिवहन किया जा रहा है। इस संबंध में पाटन एसडीएम को आवेदन सौंपकर जांच एवं उचित कार्रवाई की मांग भी की गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में किसानों के खेतों में पर्याप्त मात्रा में पैरा उपलब्ध रहता था, जिसे क्षेत्र के मवेशी सहज रूप से अपना आहार बना लेते थे। इससे चारे की समस्या उत्पन्न नहीं होती थी। किंतु वर्तमान में अधिकांश पैरा बायोगैस प्लांट में भेजे जाने के कारण पशुओं के समक्ष चारे का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि पैरे को मुफ्त में देने के लिए कुछ महिलाएं गांवों में घूम-घूमकर किसानों से हस्ताक्षर करवा लेती है। ग्रामीण इसे सरकारी योजना समझकर सहज रुप से दान के पेपर पर हस्ताक्षर कर देते है लेकिन यह कम्पनी के लिए पैरा देने का पेपर होता था। पता चलने पर स्थानीय लोगों ने इस मुद्दे पर जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। किसानों को पैरा का उचित मूल्य मिल रहा है या नहीं, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा अथवा स्वयं किसान ही इसकी स्थिति बता सकेंगे।

फिलहाल, बायोगैस प्लांट में पैरा की खपत बढ़ने से क्षेत्र के मवेशियों के सामने चारे की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है, जिस पर प्रशासन और संबंधित जिम्मेदारों को तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।किसानों को अपने उत्पाद का या तो सही दाम मिले जिससे उनका आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो या सही दाम नहीं मिलने कि स्थिति में गाँव गाँव से पैरा ले जाने के ऊपर प्रतिंबध लगाया जाय जिससे घुमन्तु मवेशियों को पर्याप्त चारा मिल सके।

### किसान इकट्ठा कर रहे पैरा, गौठान संचालन की सही जानकारी नहीं

**सेलूद।** ग्राम पंचायत सेलुद में रबी फसल का पैरा मजदुर गौठान तक ला रहे है। गौठान में यह चारा आगामी खरीफ फसल के समय घुमन्तू पशुओ को खिलाने उपयोग किया जायेगा।



सरपंच खिलेश बबलु मारकंडे ने बताया कि सरकार द्वारा गौठानो के संचालन करने की जानकारी आई है लेकिन अभी तक सुस्पष्ट नहीं किया गया है कि गौठान कब से संचालन होगा मानसून कुछ ही दिनों में प्रारंभ हो जाएगा उसके बाद किसान अपने खेतो में फसल लगाना प्रारम्भ कर देंगे। इस बीच गौठान संचालन के लिए पशुओं को चारा खिलाने के लिए सरकार द्वारा किसी भी प्रकार का व्यवस्था नहीं की गई है।अगर गौठान संचालन इसी वर्ष से किया जाना है तो पशुओं के लिए चारा की उचित व्यवस्था अभी से की जानी चाहिए लेकिन ऐसी कोई भी पहल नहीं किये जाने से पंचायत व स्थानीय किसानों के द्वारा पिछले वर्ष के भांति गौठान संचालन किया गया। उसी के तैयारी में घुमंतू पशुओं के लिए चारा व्यवस्था की जा रही है ताकि गौठान का संचालन निरंतर हो सके और घुमन्तू पशुओं के कारण फसल नुकसान न हो इस बात को ध्यान में रखकर ग्राम पंचायत सेलुद व जन सहयोग से गौठान में पैरा इकट्ठा करने व उस पैरे को कुट्टी काटकर रखने की तैयारी कर रहे है। वही गाँव के छोटे व बड़े किसानों के पैरा को ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर गौठान तक लाया जा रहा है। सरपंच खिलेश मारकंडे की पहल पर गुलमणी कुर्रे, चंद्रकुमार धनकर, जवाहर वर्मा और रुरेन्द्र देवाँगन सहित अन्य किसानों अपने खेतों में पड़े पैरे को निशुल्क दे रहे है इस कार्य में प्रमुख रुप से सरपंच मारकंडे, उपसरंच राकेश साहू, पुर्व पंच रवि पटेल, करण धनकर और कुमार यादव का सहयोग है।

## कबड्डी हमारी मिट्टी का खेल है : टिकेश्वरी लाल



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम भरदा, दुर्ग मे प्रदेश स्तरीय कबड्डी स्पर्धा का आयोजन संपन्न हुआ। यह स्पर्धा न्यू शिवजी क्रीड़ा मंडल के बैनर तले संपन्न हुआ, जिसमे छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलो से 45 टीमो ने हिस्सा लिया। यह स्पर्धा खिलाडियों के संरक्षण एवं समर्थन एवं प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से आयोजित की गयी थी , जिसमे 500 से अधिक खिलाडी सम्मिलित हुए थे। स्पर्धा के मुख्य अतिथि टिकेश्वरी लाल देशमुख कार्यकारी अध्यक्ष दुर्ग जिला कबड्डी संघ ने खिलाडियों का संबल बढ़ाते हुए कहा की कबड्डी हमारी जमीन एवं धरातल की खेल है इसे शिद्दत से खेलने की आवश्यकता है।

यह आयोजन अपनी प्रतिभा को पहचान देने के लिए किया गया है, मुझे विश्वाश है की उपस्थित खिलाडी प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगे, कबड्डी को प्रदेश देश एवं विदेश मे इस प्रयास के लिए सभी को नये चिंतन के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया। इस अवसर पर इस आयोजन की अध्यक्षता करते हुए ग्राम भरदा की सरपंच सुनीता भर्दिया ने भी आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी । स्पर्धा मे उत्कृष्ट खिलाडियों का सम्मान किया गया जिसमे जिला बलोद बम्हनी की टीम ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर धमतरी हिर्री तथा तृतीय बिलासपुर एवं चतुर्थ स्थान पर जिला राजनंदगांव भरदा खुद रहा। अतिथियो द्वारा सभी उत्कृष्ट टीमो एवं खिलाडियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कबड्डी संग दुर्ग जिला के पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश भर्दिया, निर्मल देशमुख, शुभम देशमुख, गिरधर यादव, सोनसिंह यादव, अमन यादव, दुर्गेश यादव, देवराज देशमुख, समेंद्र निषाद, चंद्रिका देशमुख दीपक यादव, अरुण यादव, मुलचंद् देशमुख, पिटेश्वर यादव, श्रवण देशमुख, अशोक देशमुख, दीपक ठाकुर आदि ऑफिशियल निर्णायक कमिटी एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

## सुशासन तिहार शिविर में हुआ जन समस्या निवारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



अमलेश्ववर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की जनकल्याणकारी नीति और विकास परख सोंच को साकार करने दुर्ग जिले के नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में सुशासन तिहार मनाया गया। उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन विकास मंत्री अरुण साव के दिशा निर्देश व दुर्ग सांसद विजय बघेल के मार्ग दर्शन में सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में 4, 9 एवं 26 मई 2026 को विभिन्न वार्डो में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सभी विभागों के कुल 295 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 261 आवेदन विभिन्न मांग एवं 34 शिकायत प्राप्त हुई है। कुल 117 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया। शिविर में शासन के विभिन्न योजनाओं के तहत आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, लर्निंग लायसेंस, श्रम कार्ड, आभा कार्ड, राशन कार्ड का तत्काल निराकरण किया गया। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं को सुपोषण कीट का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आम जनों का स्वास्थ्य परिक्षण कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में जिला प्रशासन की ओर से एडीएम श्रीमती योगिता देवांगन एवं एसडीएम लवकेश ध्रुव द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया। इन जनसमस्या निवारण शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, पीआईसी सदस्य एवं सम्बंधित वार्ड पार्षद उपस्थित रहे। शिविर के नोडल अधिकारी प्रीति गुप्ता मुख्य नगर पालिका अधिकारी, ढालेंद्र कुमार ठाकुर उप अभियंता उपस्थित थे।

## तिरगा आबादी पारा के खतरनाक अंधा मोड़ पर आखिरकार लगा चेतावनी बोर्ड




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम तिरगा आबादी पारा में स्थित खतरनाक अंधा मोड़ पर लगातार हो रहे सड़क हादसों और ग्रामीणों की चिंता को लेकर प्रकाशित खबर का असर देखने को मिला। आखिरकार संबंधित विभाग द्वारा मोड़ पर चेतावनी बोर्ड लगा दिया गया है, जिससे अब राहगीरों और वाहन चालकों को सावधानी बरतने की जानकारी मिल सकेगी।

बताया जा रहा है कि इस अंधा मोड़ पर आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही थीं। मोड़ बेहद संकरा और सामने से आने वाले वाहनों का अंदाजा नहीं लग पाने के कारण ग्रामीण लंबे समय से यहां सुरक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने कई बार चिंता जताई थी कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाया गया तो बड़ा हादसा हो सकता है।

## हुडको में बिजली की लचर व्यवस्था हल्की हवा चलते ही घंटों रहती है गुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हुडको क्षेत्र में बिजली वितरण चलर व्यवस्था को लेकर एमआईसी प्रभारी सीजू एंथोनो के साथ बड़ी संख्या में वार्डवासी 32 बंगला स्थित कार्यपालन अभियंता एनके राठी से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा।



हुडको वासियों ने बताया कि थोड़ी सी हवा चली नहीं की बिजली चली जाती है फिर घंटो बाद आती है। मानसून और गरमी के पूर्व संधारण के बाद भी घंटों बिजली गुल रहती है। पेट्रोल पम्प फिडर स्थित एमआईजी 2/1 से 36 के बीच और रेल्वे लाइन फीडर स्थित एमआईजी 1/904 से 924 व एमआईजी 2/200 से 214 के बीच नए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की गई। कार्यपालन अभियंता को यह भी बताया गया कि स्ट्रीट लाइट शार्ट होने की स्थिति में बहुत बड़ा क्षेत्र अंधकार में डूबा रहता है। चार-चार दिन तक संधारण नहीं हो पाता है।

## जनसैलाब उमड़ा, देर रात चला आयोजन

# समारोह में पहुंचे रविंद्र चौबे, भूपेश सहित सभी ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा




धमधा ब्लॉक के बोरी तहसील में छत्तीसगढ़ के पूर्व कृषि मंत्री रविंद्र चौबे का जन्मदिन बड़े उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों की मौजूदगी ने इसे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया। सुबह से ही समर्थकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का शुभकामनाएं देने के लिए तांता लगा रहा। इस खास मौके पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने रविंद्र चौबे के साथ केक काटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फल वितरण किया गया तथा मंदिरों में पूजा-अर्चना कर रविंद्र चौबे के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की गई।

वहीं धमधा नगर में भी कार्यकर्ताओं द्वारा मां महामाया मंदिर में पूजा-अर्चना एवं यज्ञ का आयोजन किया गया। बस स्टैंड में आम राहगीरों को लस्सी और छाछ का वितरण कर सेवा कार्य किया गया। जन्मदिन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

समारोह में डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल, पूर्व विधायक गिरवर जांघेल, प्रतिमा चंद्राकर, अविनाश चौबे, जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जीवन वर्मा, जिला पंचायत सदस्य दानेश्वर साहू, जिला प्रभारी महामंत्री राजीव गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। साथ ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा, शमशीर कुरैशी, अशोक कसार,जिला प्रवक्ता रजत नायक, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष राज पटेल, महामंत्री बोरी क्षेत्र जीवन निर्मल, कामदेव साहू, लुमेश्वर पटेल, भारत भूषण सोनवानी, जालम पटेल, मधुसूदन राणा, निक्की राजपूत, टिकेश्वर देशमुख, रोमन पटेल, केबी वर्मा,धर्मेंद्र साहू, टोमन साहू, बंटी वैष्णव, योगेश साहू, रेवा बंजारे, अनुज साहू, राजेश मानिकपुरी, संटलाल बंजारे, बब्बू वैष्णव, टीकाराम उमरे, जीवधन साहू, चोवा पटेल,मुकेश वर्मा, बिसाहू वर्मा, यंगेंद्र दिल्लीवार,बुधराम साहू, डाकेन साहू, दशरथ साहू, देवदत्त पटेल, संदीप गुप्ता, जितेंद्र वर्मा, श्रवण साहू, सुयश ताम्रकार, गोलू खनूजा सहित हजारों की संख्या में किसान, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंच से रविंद्र चौबे को जन्मदिन की बधाई देते हुए जनता को संबोधित किया। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। बघेल ने खाद की कमी, बिजली संकट, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और महंगाई जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरते हुए कहा कि आम जनता और किसान आज परेशान हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है।

वहीं पूर्व मंत्री रविंद्र ने जनता के स्नेह और समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का यह प्यार और आशीर्वाद उनके लिए सबसे बड़ी ताकत है, जिसका ऋण वे कभी नहीं चुका सकते। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार की कार्यप्रणाली से किसान, युवा और आम नागरिक खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं तथा प्रदेश में विकास कार्यों की रफ्तार धीमी पड़ गई है। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में रविंद्र चौबे के बैनर-पोस्टर की खास लोकप्रियता देखने को मिली। नगर भर में शुभकामनाओं से सजे पोस्टर और होर्डिंग चर्चा का विषय बने रहे।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## आईटीआई डौंडी में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 15 जून तक कर सकेंगे आवेदन

**डौंडी।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आई टी आई डौंडी में सत्र 2026-2027 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्राचार्य ने बताया कि संचालित ट्रेडों में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी 29.05.2026 से 15.06.2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
इच्छुक छात्र शासकीय वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश मेरिट के आधार पर होगा। अधिक जानकारी हेतु आई टी आई डौंडी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## पार्षद ने पीएचसी भिलाई-3 में लगवाया वाटर कूलर

**भिलाई।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में आने वाली गर्भवती महिलाओं और आम मरीजों को राहत देने के उद्देश्य से पार्षद प्रेमलता चंद्राकर ने जनहित में सहयोग करते हुए 9 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की है। इस राशि से अस्पताल परिसर में वर्म वाटर कूलर और सामान्य शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। अस्पताल में गर्मी के मौसम को देखते हुए मरीजों और परिजनों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने की पहल की गई है। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को ध्यान में रखते हुए गर्म और सामान्य दोनों प्रकार के पानी की व्यवस्था की जा रही है ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर पार्षद प्रेमलता चंद्राकर ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को केवल विकास कार्यों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि स्वास्थ्य और जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों में भी आगे आकर सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों को सुविधाजनक और व्यवस्थित बनाने के लिए समाज के सक्षम लोगों को भी योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ. शिखर अग्रवाल और बीईटीओ सैय्यद असलम भी मौजूद रहे।

**निधन**

## धनवा राम चौधरी

**बालोद।** ग्राम भानपुरी निवासी धनवा राम चौधरी का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे नामदेव चौधरी, हेमेंद्र कुमार चौधरी के पिता थे।



**पेज 9 का शेष**

## कुसुमकसा समिति के...

और बड़ी संख्या में ग्रामीण गोदाम पहुंच गए।
**मौके पर मिले कई अहम सुराग:** घटनास्थल पर गोदाम के चैनल गेट और शटर का ताला टूटा हुआ मिला। टूटा हुआ ताला गोदाम के अंदर टेबल पर रखा था। इसके अलावा एक रूमाल और छोटी टॉर्च भी गोदाम के भीतर मिली। वहीं गोदाम के बाहर पिकअप वाहन के डाले में लगने वाला चौरस सपोर्ट पाइप बरामद हुआ है। इन परिस्थितियों को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि चोर पिकअप वाहन में खाद की बोरियां भरकर ले गए।
**भाजपा नेताओं ने किया निरीक्षण:** घटना की सूचना मिलते ही भाजपा मंडल कुसुमकसा के अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा एवं जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम भी गोदाम पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द चोरों की पहचान कर गिरफ्तारी की मांग की।
**दो साल पहले भी हुई थी खाद चोरी:** गौरतलब है कि इसी खाद गोदाम को दो वर्ष पहले भी चोरों ने निशाना बनाया था। 15 मई 2024 को अज्ञात चोरों ने यहां से 35 बोरी डीएपी, 12 बोरी पोटाश, 7 बोरी यूरिया और 8 बोरी सुपर फास्फेट खाद चोरी कर ली थी। उस मामले में भी आज तक चोरों का पता नहीं चल पाया है।
**पुलिस ने दर्ज किया मामला:** डौंडी लोहारा थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने बताया कि खाद चोरी की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है तथा मामले की जांच जारी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में सुराग जुटाने के प्रयास कर रही है।

# ग्राम डौकीडीह में तीन दिवसीय लीला नाटक का भव्य समापन

## वीर अभिमन्यु नाटक ने जीता दर्शकों का दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अंडा समीपस्थ ग्राम डौकीडीह में आयोजित तीन दिवसीय लीला नाटक कार्यक्रम का शुक्रवार 29 मई को भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन "वीर अभिमन्यु नाटक" की शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसे देखने बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आसपास के क्षेत्रों से दर्शक पहुंचे।

नवां अंजोर नाट्य संस्था बोरीगारका (उर्ते) के कलाकारों ने महाभारत के वीर योद्धा अभिमन्यु के अद्भुत शौर्य, साहस और बलिदान को जीवंत अभिनय के माध्यम से मंच पर प्रस्तुत किया। चक्रव्यूह में प्रवेश करने और वीरतापूर्वक युद्ध करते हुए अभिमन्यु के बलिदान के दृश्य ने दर्शकों को भावुक कर दिया। कलाकारों के उत्कृष्ट अभिनय, संवाद अदायगी और आकर्षक मंच सज्जा ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं और दर्शकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर नाटक का आनंद लिया। अंतिम दिन चढ़ौती कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त ग्रामवासियों, अतिथियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया। तीन दिनों तक चले इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन ने क्षेत्र में भक्ति, संस्कृति और सामाजिक एकता का संदेश दिया।



### भक्ति, संस्कृति और सामाजिक एकता का संदेश

समस्त ग्रामवासी डौकीडीह एवं नवां अंजोर नाट्य संस्था बोरीगारका (उर्ते)।बालोद जिले के ग्राम डौकीडीह में आयोजित तीन दिवसीय लीला नाटक कार्यक्रम का शुक्रवार 29 मई को भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन "वीर अभिमन्यु नाटक" की शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसे देखने बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आसपास के क्षेत्रों से दर्शक पहुंचे। नवां अंजोर नाट्य संस्था बोरीगारका (उर्ते) के कलाकारों ने महाभारत के वीर योद्धा अभिमन्यु के अद्भुत शौर्य, साहस और बलिदान को जीवंत अभिनय के माध्यम से मंच पर प्रस्तुत किया। चक्रव्यूह में प्रवेश करने और वीरतापूर्वक युद्ध करते हुए अभिमन्यु के बलिदान के दृश्य ने दर्शकों को भावुक कर दिया। कलाकारों के उत्कृष्ट अभिनय, संवाद अदायगी और आकर्षक मंच सज्जा ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं एवं दर्शकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर नाटक का आनंद लिया। अंतिम दिन चढ़ौती कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त ग्रामवासियों, अतिथियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया। तीन दिनों तक चले इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन ने क्षेत्र में भक्ति, संस्कृति और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

आयोजन : शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग ने योजनाओं की दी जानकारी

# सुशासन तिहार शिविर में गर्भवती माताओं की गोद भराई, किशोरियों को बांटे सेनिटरी नैपकिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्रामीणजन की प्रशासकीय विभाग संबंधित समस्या को दूर करने एवं विभिन्न प्रकार के मांग हेतु सुशासन तिहार का आयोजन ग्राम पंचायत बेलौदी में किया गया। शिविर में विधायक ललित चंद्राकर ,एसडीएम हरिवंश मिरी जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र यादव, सुश्री प्रिया साहू जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन सरपंच बेलौदी जामवंती देशमुख , सरपंच संघ के अध्यक्ष ओमेश्वर यादव ,पंचगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर में विधायक महोदय , जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष द्वारा 6 गर्भवती माताओं संतोषी यादव, मीनाक्षी यादव, नोमेश्वरी पारकर, राधिका निषाद, ममता देशमुख हर्षा सेन की गोद भराई का कार्यक्रम किया गया एवं उनसे उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई तथा स्वस्थ शिशु हेतु मंगलकामना की गई। 10 किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी नेपकिन का वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री मातृ वंदना नोनी सुरक्षा सुकन्या समृद्धि महतारी वंदन मुख्यमंत्री कन्या विवाह महिला कोष सक्षम बाल संदर्भ योजना की जानकारी परियोजना अधिकारी उषा झा व सेक्टर पर्यवेक्षक इंदु मिश्रा, शशि रैदास द्वारा दी गई तथा महिला सशक्तिकरण हेतु संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कुपोषण मुक्ति अभियान बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की जानकारी उपस्थित ग्राम वासियों के साथ साझा की गई।शिविर में महतारी वंदन की महिलाओं का ई केवाईसी किया गया। जिसमें 21 महिलाओं लाभान्वित हुई सुशासन तिहार शिविर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रोहिणी देशमुख,चमेली पारकर एवं अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।





# ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग करें विद्यार्थी, यही समय तय कर सकता है सफलता की दिशा : शिवेन्द्र बहादुर साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ग्रीष्मकालीन अवकाश विद्यार्थियों के लिए केवल विश्राम का समय नहीं, बल्कि भविष्य की सफलता की मजबूत नींव रखने का सुनहरा अवसर है। यह बात शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी के व्याख्याता ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कही।उन्होंने कहा कि विशेष रूप से कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को अवकाश के दौरान नियमित अध्ययन की आदत विकसित करनी चाहिए। प्रतिदिन तीन से चार घंटे की पढ़ाई विद्यार्थियों को पूरे सत्र में तनावमुक्त रख सकती है।

गणित एवं विज्ञान के विद्यार्थियों को मूलभूत अवधारणाओं और सूत्रों का अभ्यास करना चाहिए, जबकि कला संकाय के विद्यार्थियों को इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल एवं भाषा विषयों का प्रारंभिक अध्ययन शुरू कर देना चाहिए। साहू ने कहा कि अवकाश का समय पिछली कक्षाओं की कमजोरियों को दूर करने के लिए भी सबसे उपयुक्त होता है। लेखन, गणना, भाषा एवं उत्तर लेखन शैली में सुधार के लिए नियमित अभ्यास आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों के साथ-साथ समाचार पत्र, सामान्य ज्ञान, साहित्य एवं प्रेरणादायक पुस्तकों के अध्ययन की भी सलाह दी। मोबाइल और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अनावश्यक स्क्रीन समय से बचना चाहिए तथा तकनीक का उपयोग ऑनलाइन अध्ययन, शैक्षणिक वीडियो और ज्ञानवर्धक सामग्री के लिए करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, योग, व्यायाम, पुस्तक पठन, लेखन एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भागीदारी विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक है। प्रतिदिन योग, सैर और डायरी लेखन जैसी आदतें अनुशासन एवं आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक होती हैं। अंत में उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव न बनाएं, बल्कि उनकी रुचि और क्षमता को समझते हुए सकारात्मक वातावरण प्रदान करें। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी और अभिभावक मिलकर ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग करें, तो यही समय भविष्य की बड़ी सफलताओं की आधारशिला बन सकता है।

# प्राचार्य आर.के. देवांगन सेवानिवृत्त



**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के प्राचार्य आर.के. देवांगन स्कूल शिक्षा विभाग में लगभग 40 वर्षों की गौरवपूर्ण, उत्कृष्ट एवं बेदाग शैक्षणिक सेवा पूर्ण करने के पश्चात बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनके अंतिम कार्य दिवस पर विद्यालय परिसर में भावभीनी विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।अपने लंबे सेवाकाल के दौरान प्राचार्य देवांगन ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनके कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं तथा खेलकूद, कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उन्होंने सदैव विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं संस्कारों के विकास पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्याख्याता अजय पाठक ने कहा कि प्राचार्य आर.के. देवांगन ने विद्यालय को एक परिवार की तरह सहेजा और संवारा है। उनकी अनुशासनप्रियता, कार्यनिष्ठा एवं दूरदर्शी सोच आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेगी। विदाई समारोह के दौरान उपस्थित शिक्षक एवं कर्मचारी भावुक नजर आए। इस अवसर पर अपने संबोधन में आर.के. देवांगन ने विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को मेहनत, ईमानदारी एवं लगन के साथ जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टी.एल. देवांगन, रेशमी साहू, रीना बोरकर, भागवत साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, सी.पी. सोनबोईर, सुरेंद्र नेताम, कुंदन यादव, लीना सुधाकर, हेमलता एवं पायल सुधाकर सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# मधुर साहित्य परिषद की परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

मधुर साहित्य परिषद जिला बालोद के तत्वाधान में डौंडीलोहारा इकाई के अध्यक्ष कन्हैया लाल बारले के निवास आदिवासी कालोनी डौंडीलोहारा में परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी सम्पन्न हुई। सर्व प्रथम परिषद के सभी सदस्यों के द्वारा मां सरस्वती की तैल चित्र की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात परिषद् के महासचिव देव जोशी गुलाब द्वारा स्वागत उद्बोधन एवं परिषद द्वारा की जा रही साहित्यिक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा के साथ काव्य गोष्ठी का सुंदर आगाज हुआ।

सर्व प्रथम संबलपुर से आए वीरेंद्र कुमार अजनवी ने चल रहे नवतपे की कहर को बताते हुए नवतपा शीर्षक पर कविता सुनाई। काव्य गोष्ठी को श्रृंगार रस से सराबोर करने वाले झलमला बालोद से पधारे राष्ट्रीय स्तर के समरस साहित्य संस्थान के नव नियुक्त बालोद जिला के अध्यक्ष सुंदर लाल गंधर्व ने छत्तीसगढ़ी में श्रृंगारिक रचना सुनाई। साहित्यिक गोष्ठी को ऊंचाई प्रदान करने वाले छत्तीसगढ़ के नामचीन गीतकार सुमधुर कंठ के धनी निकुम से पधारे प्यारे लाल देशमुख ने छत्तीसगढ़ के धार्मिक एवं मार्मिक स्थलों का बखान करते हुए छत्तीसगढ़ की महिमा मंडित करती गीत सुनाई। छत्तीसगढ़ी भाषा की मिठास को बया करती मधुर रचना डौंडीलोहारा की कवयित्री हर्षा देवांगन ने परिषद के तहसील इकाई के अध्यक्ष कन्हैया लाल बारले ने जिंदगी को परिभाषित करते हुए कुछ पंक्तियां सुनाई। काव्य गोष्ठी के आधार स्तंभ परिषद के महासचिव देव जोशी गुलाब ने पानी की संपूर्ण अस्तित्व एवं महत्ता को प्रतिपादित करने वाली उत्कृष्ट रचना पानी सुनाकर वाहवाही बटोरी काव्य गोष्ठी के अंतिम पड़ाव पर गोष्ठी को संचालित कर रहे युवा कवि लालेश्वर साहू अरुणाभ कोबा वाले ने छंद बद्ध सरस्वती वंदना गाकर सबका मन मोह लिया। आज की काव्य गोष्ठी कन्हैया लाल बारले के द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ समापन की घोषणा की गई।



# किसानों को समय पर मिल रहा खाद-बीज व्यवस्थाओं से संतुष्ट दिखे कृषक

*बालोद। केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा खरीफ वर्ष 2026 के लिए किसानों को समुचित मात्र में खाद, बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु की गई व्यवस्था के तहत बालोद जिले के सहकारी समितियों में नियमित रूप से जिले के कृषकों को नियमित रूप से खाद, बीज का वितरण किया जा रहा है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के सभी सहकारी समितियों में शासन द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों के आधार पर किसानों को समुचित मात्रा में खाद, बीज की भण्डारण के साथ–साथ वितरण हेतु भी पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं। बालोद जिले में खाद, बीज की समुचित वितरण हेतु की गई व्यवस्था की सराहना जिले के कृषकों ने भी की है। आगामी खरीफ सीजन हेतु समुचित मात्र में खाद, बीज उपलब्ध होने पर गुरूर विकासखण्ड के ग्राम फागुनदाह निवासी कृषक चोवाराम एवं ग्राम पेण्डरवानी निवासी बेनीराम साहू ने व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे किसानों के लिए हितकर बताया है। समय पर खाद, बीज मिलने से बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे किसान चोवाराम ने बताया कि कुल 02 एकड़ भूमि वाले एक लघु कृषक है। चोवाराम ने कहा कि उन्होंने एक सप्ताह पहले अपने ग्राम फागुनदाह के सहकारी समिति में पहुंचकर दो बॉटल नैनो डीएपी, एक बॉटल युरिया के साथ–साथ दो बोरी युरिया एवं एक बोरी सुपरफास्फेट खाद प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि सहकारी समितियों में की गई बेहतर व्यवस्था के फलस्वरूप उन्हें खाद, बीज प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की असुविधा नही हुई। इसी तरह जिले में खाद, बीज की वितरण की व्यवस्था की सराहना गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पेण्डरवानी के कृषक बेनीराम ने भी किया है। किसान बेनीराम ने बताया कि वे कुल 20 एकड़ जमीन वाले बड़े कृषक है। किसान बेनीराम ने बताया कि सहकारी समिति ग्राम पेण्डरवानी में पहुँचकर उन्होंने 05 बोरी स्वर्णा और स्वर्णा सब 1 तथा मांग के अनुरूप अन्य धान, बीज उन्होंने प्राप्त किया है। सहकारी समिति में धान, बीज के प्राप्त करने में उन्हें एवं अन्य कृषकों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। जिससे हम सभी कृषक प्रसन्नचित होने के साथ–साथ भविष्य में भी समय पर खाद, बीज प्राप्त करने के लिए पूरी तरह आशान्वित है।*



किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करने वाली भाजपा सरकार अब किसानों को उत्पादन कम करने की सलाह दे रही है

# महंगाई, उर्वरक और ईंधन संकट पर केंद्र सरकार को घेरा, जनता की परेशानियों को समझने में सरकार विफल: केशव बंटी हरमुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल संकट, उर्वरक की कमी और आम जनता की आर्थिक परेशानियों को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख ने भी मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा. कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐसी अपील जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसी है.

आगे कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा वर्क फ्रॉम होम की सलाह देना देश के मेहनतकश वर्ग का मजाक उड़ाने जैसा है केशव बंटी हरमुख ने सवाल उठाया कि फेरी लगाकर सामान बेचने वाले, मजदूर, खेतों और बाजारों में काम करने वाले लोग घर बैठकर कैसे जीवन चलाएंगे?

देश का किसान पहले ही खाद की कमी और महंगे उर्वरकों के कारण परेशान है. छत्तीसगढ़ में हर साल लगभग 15 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की आवश्यकता होती है, लेकिन अब तक केवल 51 हजार मीट्रिक टन उर्वरक ही समितियों तक पहुंच पाया है। ऐसे में किसान फसलों की उत्पादकता घटने और कर्ज के बोझ तले दबने को मजबूर हैं।

### मोदी सरकार में पेट्रोल-डीजल के रेट बढ़े

*आगे कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है. उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोलियम उत्पादों पर कर लगाकर लाखों करोड़ रुपये जनता की जेब से निकाले गए हैं, लेकिन इसके बावजूद लोगों को राहत नहीं मिली.छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में पेट्रोल-डीजल की कमी से लोग परेशान हैं और गैस संकट के कारण उद्योग भी प्रभावित हो रहे हैं।*



### परेशानियों को समझने में सरकार फेल

*महंगाई को लेकर हरमुख ने कहा कि रसोई का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है. खाद्य तेल, दाल, गैस, सब्जी और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं. महिलाएं पहले ही हर चीज में कटौती करने को मजबूर हैं, ऐसे में तेल कम उपयोग करने की सलाह देना जनता की परेशानियों को समझने में सरकार की विफलता को दर्शाता है। हरमुख ने आरोप लगाया कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने क्रूड ऑयल भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए कोई बड़ा कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश के प्रमुख तेल भंडारण केंद्र यूपीए सरकार के समय बने थे। यदि समय रहते भंडारण क्षमता बढ़ाई जाती तो आज देश को पेट्रोल-डीजल और गैस संकट का सामना नहीं करना पड़ता। प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं और सरकारी खर्चों पर भी सवाल उठाए गए. आगे कहा कि एक ओर आम जनता से बचत करने की अपील की जा रही है, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं और विशेष विमान पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं।*

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रूकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज